BCM School Basant Avenue Ludhiana

Class VIII

Subject - Hindi Answerkey

1.गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

बस में अलग–अलग प्रकार के यात्री बैठे थे। कोई किसान अपने गाँव से शहर जा रहा था, तो कोई छात्र पढ़ने के लिए स्कूल की ओर। कुछ व्यापारी अपने सामान के थैले सँभालकर बैठे थे। सभी के चेहरे अलग–अलग भाव प्रदर्शित कर रहे थे। कोई चिंता में डूबा था, तो कोई हँसते–मुस्कुराते सफर का आनंद ले रहा था। यात्रा के इस छोटे से अनुभव में मनुष्य-जीवन के विविध रंग दिखाई दे रहे थे।”

प्रश्न 1. गद्यांश में लेखक ने यात्रियों के माध्यम से “मनुष्य-जीवन के विविध रंग” क्यों कहे हैं?

उत्तर: यात्रियों में किसान, छात्र और व्यापारी जैसे विभिन्न वर्गों के लोग थे। हर व्यक्ति का स्वभाव और स्थिति अलग थी—कोई चिंता में डूबा था, तो कोई मुस्कुराकर आनंद ले रहा था। यही विविधता मनुष्य-जीवन के अलग–अलग रंगों को दर्शाती है।

प्रश्न 2. किसानों, छात्रों और व्यापारियों की उपस्थिति बस को किस रूप में प्रस्तुत करती है?

उत्तर: किसानों, छात्रों और व्यापारियों की उपस्थिति बस को समाज का छोटा–सा रूप बना देती है। बस में जीवन के हर क्षेत्र के लोग दिखाई देते हैं, जिससे यह एक चलती–फिरती दुनिया जैसा प्रतीत होती है।

प्रश्न 3.छात्र बस में किस उद्देश्य से जा रहा था?

उत्तर : पढ़ने के लिए

प्रश्न 4.यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

उत्तर : बस की यात्रा

2. शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-

1.इत्तेफाक - संयोग
2.अंत्येष्टि - मृतक कर्म
3.निमित्त - कारण, साधन
वाक्य स्वयं बनाएं।

3. यदि बस जीवित प्राणी होती,बोल सकती तो वह अपनी बुरी हालत और भारी बोझ के कष्ट को किन शब्दों में व्यक्त करती?लिखिए।

स्वयं करें

4.निर्देश अनुसार उत्तर दीजिए:-

1. विशेषण चुनकर भेद बताइए-

क) छोटे बच्चों ने एक लीटर दूध पी लिया।
एक लीटर- निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

ख) मैंने मीठे संतरे खाए ।
मीठे- गुणवाचक विशेषण

ग) मुझे थोड़ी चीनी चाहिए।
थोड़ी- अनिश्चित परिमाणवाचक

2. क्रिया के भेद बताइए-

क)माँ ने बच्चे को सुलाया।(रचना के आधार पर) प्रेरणार्थक क्रिया

ख) धोबी कपड़े धोता है।( कर्म के आधार पर)

सकर्मक क्रिया

3. दिए गए वाक्यों में काल के भेद बताइए:-

क) शायद आज मैं फिल्म देखने जाऊं।

संभाव्य भविष्य

ख) रोहन गेंद से खेल रहा है।

अपूर्ण वर्तमान

ग) माताजी खाना बना चुकी होगी ।

संदिग्ध भूतकाल

4. कारक चुनकर भेद बताइए-

क) माँ ने नौकर से सब्जी मंगाई।

ने कर्ता कारक, से करण कारक

ख) बंदर पेड़ पर बैठा है।

पर अधिकरण कारक

ग) पिताजी दफ्तर गए।

दफ्तर कर्म कारक